तापमान

अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 29.0 डिग्री

हरिभूमि

रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, गुरुवार 8 अक्टूबर 2026

4

बालिका क्रिकेट में सरगुजा का दबदबा, स्पर्धा का बना विजेता



[खरसिया| सारंगढ़| घरघोड़ा| धरमजयगढ़| पुसौर| बरमकेला| लैलूंगा| तमनार]

खबर संक्षेप

यार्ड रिमॉडलिंग हीराकुंड उत्कल का बदलेगा रूट

रायगढ़। उत्तर मध्य रेलवे के आगरा मंडल में मथुरा और भूतेश्वर स्टेशन पर होने वाले यार्ड रिमॉडलिंग कार्य का असर रायगढ़ से होकर गुजरने वाली दो महत्वपूर्ण ट्रेनों पर पड़ेगा। रेलवे ने 9 और 10 अक्टूबर को हीराकुंड एक्सप्रेस और कलिंग उत्कल एक्सप्रेस को परिवर्तित मार्ग से चलाने का निर्णय लिया है। ऐसे में रायगढ़ से इन ट्रेनों में यात्रा करने वाले यात्रियों को सफर से पहले ट्रेन के मार्ग और परिचालन की जानकारी जरूर जांचने की सलाह दी गई है। रेलवे के अनुसार आगरा मंडल के मथुरा स्टेशन के फेस.प्प तथा भूतेश्वर स्टेशन में यार्ड रिमॉडलिंग के लिए प्री.एनआई और एनआई कार्य किया जाना है। इसके चलते दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से चलने और गुजरने वाली कुछ ट्रेनों का परिचालन प्रभावित होगा। 9 अक्टूबर को विशाखापटनम से रवाना होने वाली 20807 विशाखापटनम अमृतसर हीराकुंड एक्सप्रेस निर्धारित मार्ग के बजाय आगरा कैंट मितावली गाजियाबाद नई दिल्ली होकर अमृतसर जाएगी। यह ट्रेन रायगढ़ सहित दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के कई स्टेशनों से होकर गुजरती है। इसलिए रायगढ़ से उत्तर भारत की ओर जाने वाले यात्रियों के लिए इस बदलाव की असर होगा। वहीं 10 अक्टूबर को योगनगरी ऋषिकेश से पुरी के लिए रवाना होने वाली 18478 योगनगरी ऋषिकेश पुरी कलिंग उत्कल एक्सप्रेस भी परिवर्तित मार्ग से चलेगी। रेलवे के मुताबिक यह ट्रेन मेरठ सिटी खुर्जा मितावली आगरा कैंट होकर पुरी पहुंचेगी। उत्कल एक्सप्रेस रायगढ़ से होकर गुजरने वाली प्रमुख ट्रेनों में शामिल है, ऐसे में इसके यात्रियों को भी यात्रा से पहले अपडेट लेना जरूरी होगा।

कई ट्रेनें प्रभावित, कुछ घंटों की देरी से चलेंगी

रायगढ़। मध्य रेलवे के मुंबई मंडल के कल्याण इगतपुरी रेलखंड के कसारा यार्ड में तीसरी रेल लाइन सहित विभिन्न बुनियादी ढांचा और तकनीकी कार्यों के लिए विशेष ट्रैफिक एवं पावर ब्लॉक लिया जा रहा है। इसका असर दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से होकर रायगढ़ आने.जाने वाली कई लंबी दूरी की ट्रेनों के परिचालन पर पड़ेगा। रेलवे के अनुसार कुछ ट्रेनों को परिवर्तित मार्ग से चलाया जाएगा, जबकि कई ट्रेनें निर्धारित समय से देरी से रवाना होंगी। कसारा यार्ड में आसनगांव कसारा तीसरी लाइन परियोजना तथा इगतपुरी साइड आरएंडडी एक्सटेंशन अप यार्ड में आवश्यक कार्य किए जाने हैं। इन कार्यों के चलते मुंबई से हावड़ा, शालीमार, हटिया और ओडिशा की ओर जाने वाली ट्रेनों के समय में बदलाव किया गया है। इन ट्रेनों का रायगढ़ स्टेशन पर भी परिचालन प्रभावित होने की संभावना है। 16 अक्टूबर को हावड़ा से रवाना होने वाली 12860 हावड़ा सीएसएमटी गीतांजली एक्सप्रेस अपने निर्धारित मार्ग के बजाय जलगांव नंदुरबार वसई रोड ठाणे होकर सीएसएमटी पहुंचेगी। ऐसे में इस ट्रेन से मुंबई की ओर यात्रा करने वाले रायगढ़ क्षेत्र के यात्रियों को बदले हुए मार्ग और संभावित समय की जानकारी लेकर यात्रा करनी होगी।

कमरीद के नाले में मिली बुजुर्ग महिला की लाश

तनौद। कमरीद के नाले में एक 65 वर्षीय बुजुर्ग महिला की लाश मिली है। घटना पामगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम कमरीद का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत कमरीद के शिवधाम मुहल्ला निवासी श्रीमती गंगा बाई गोंड पति द्वारिका गोंड, उम्र 65 वर्ष का शव गांव के नाले में डूबा हुआ मिला है। परिजनों के अनुसार गंगा बाई 5 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे घर से निकली थी। देर तक घर वापस न आने पर परिजनों ने आसपास खोजबीन की, लेकिन कोई पता नहीं चला। मंगलवार 6 अक्टूबर को सुबह 11 बजे परिजनों को नाले के ऊपर उनकी चप्पल दिखाई दी। शंका होने पर आसपास तलाश करने पर नाले के पानी में डूबी हुई मिली।घटना की सूचना परिजनों एवं ग्राम पंचायत कमरीद के सरपंच द्वारा थाना पामगढ़ में दी गई है।

नगर पंचायत तमनार की पहली कुर्सी पर नारी शक्ति होगी विराजमान, अनारक्षित महिला के नाम हुआ आरक्षित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

नगरीय प्रशासन विभाग रायपुर में हुआ अध्यक्ष पद का आरक्षण प्रक्रिया पूरी

नगरपंचायत तमनार की पहली कुर्सी पर नारी शक्ति विराजमान होंगी। बुधवार को नगरीय प्रशासन विभाग रायपुर में हुई आरक्षण प्रक्रिया में तमनार नगर पंचायत तमनार के अध्यक्ष पद का आरक्षण पूरी हुई। इसमें तमनार नगरपंचायत के अध्यक्ष पर अनारक्षित महिला के लिए आरक्षित हुई है। याने यहां पहली चुनाव में पहली कुर्सी पर महिला शक्ति का कब्जा होगा। इसके पहले यहां 15 वार्डों का आरक्षण प्रक्रिया भी पूरी कर ली गई है। अध्यक्ष पद का आरक्षण होने के बाद अब तमनार में राजनीतिक सरगर्मी बढ़ने की बात कही जा रही है। खास बात यह है कि अध्यक्ष का पद अनारक्षित महिला होने की वजह से यहां दावेदारों की दोनों ही पार्टी में लंबी फेहरिस्त है। ऐसे में अब वहां राजनीति पारा चढ़ सकता है।

खास बात

- नगर पंचायत तमनार के 15 वार्डों का पहले ही हो चुका है आरक्षण

नगरपंचायत गठन के बाद शासन की ओर से नामित अध्यक्ष और सदस्यों की नियुक्ति कर दी गई थी। हालांकि बाद में ग्राम पंचायत के सरपंच ने उस नियुक्ति कों हाई कोर्ट में चुनौती दिया और चुनाव तक ग्राम पंचायत द्वारा ही संचालन का आदेश दिया गया था। अब चुनाव की प्रक्रिया चालू हो गई है। अनुमानतः दिसंबर में चुनाव यहां हो सकता है। इसके लिए बीते 8 सितंबर को 15 वार्डों का आरक्षण किया गया था। 7 अक्टूबर को अध्यक्ष पद का आरक्षण रायपुर में किया गया। इसमें अनारक्षित महिला के नाम यह पद आरक्षित हो गया है।

5 वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित

तमनार नगर पंचायत में 15 वार्ड हैं। यहां 5 वार्ड महिलाओं के लिए आरक्षित है। महिलाओं के लिए 6 वार्ड आरक्षित हो सकता था, लेकिन एससी वर्ग के महिला के लिए आरक्षित जहां करना था वहां जन संख्या कम होने की वजह से अनारक्षित कर दिया गया। अब अध्यक्ष का पद भी महिला के लिए आरक्षित होने के साथ यहां अध्यक्ष समेत 6 नारी शक्ति कुर्सी पर विराजमान होंगी। यदि अनारक्षित वर्ग में कोई महिला चुनाव जीत गई तो इनकी संख्या पुरुषों से अधिक हो सकती है। यहां दो वार्डों में एससी वर्ग की जनसंख्या कम होने की वजह से दो वार्ड निरंक हो गया। याने उसे अनारक्षित श्रेणी में रखा गया है।

दिसंबर में होगा चुनाव

जानकारी के अनुसार दिसंबर में नगरपंचायत तमनार में चुनाव होगा। याने बीजेपी कांग्रेस दोनों ही पार्टी को तैयारी के लिए तीन महीने के आसपास समय मिलेगा। हालांकि यहां बैठकों का दौर अभी से जारी है। दोनों ही पार्टी अध्यक्ष पद के आरक्षण का इंतजार कर रहे थे। बुधवार को यह काम भी पूरा हो चुका है और पहली चुनाव के लिए महिला अनारक्षित हो चुका है। ऐसे में किसी भी वर्ग की महिला यहां अध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ सकती है। एसटी बाहुल्य क्षेत्र होने की वजह से इसी वर्ग की महिला पर दोनों ही पार्टी दांव लगा सकते हैं।

अब तक छह लोग जख्मी, मूंगफली व धान की फसलों को पहुंचा रहे नुकसान

जंगली सुअरों को पकड़ने वन विभाग की तैयारी अधूरी, पिंजरा तो लगाया मगर गेट खोलना भूले







हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पुसौर ब्लॉक के ग्राम पंचायत कर्राजोर व सरसमाल सहित आस-पास में बसे गांवों में इन दिनों जंगली सुअरों का आंतक बढ़ता जा रहा है। जंगली सुअरों को पकड़ने वन विभाग की तैयारी आधी-अधूरी नजर आ रही है। वन अमले ने मौके पर पहुंच कर दो पिंजड़ा जरूर रखा है, लेकिन पिंजड़े का गेट ही खोलना भूल गए । ऐसे में यह पिंजड़ा महज शो-पीस बन कर खेतों में रखा हुआ है। दूसरी ओर अब तक करीब छह लोगों को जंगली सुअरों ने अपना शिकार बनाया है। वहीं खेतों में लगे मूंगफली व धान की फसल को भी नुकसान कर रहे हैं। ग्रामीण अब इससे त्रस्त होकर कारगर कदम उठाने की मांग कर रहे हैं।

हरिभूमि की टीम प्रभावित गांवों में पहुंची। जहां ग्रामवासियों ने बताया कि बीते करीब दो साल क्षेत्र में जंगली सुअरों की मौजूदगी तो बनी हुई है, लेकिन बीते करीब 1 माह से जंगली सुअरों की संख्या काफी बढ़ गई है। पहले वे जंगल तक ही सीमित थे, लेकिन करीब एक माह वे गांव के भीतर भी दाखिल होकर फसलों को नुकसान कर रहे हैं और लोगों को अपना शिकार बना रहे हैं। कुछ ग्रामवासियों ने गांव के समीप स्थित तालाब, नहर व घने जंगल क्षेत्र की ओर जंगली सुअरों के झूंड को भी देखा है। ग्रामीणों की मानें तो जंगली सुअरों की संख्या करीब 30 से अधिक है। इस संबंध में हरिभूमि को राजेश पटेल ने बताया कि दिन ढ़लने के बाद जंगली सुअर जंगल से निकल कर खेतों की ओर आते हैं और मूंगफली सहित धान की फसल हो नुकसान पहुंचाते हैं। पहले कभी कभी ही ऐसा देखते को मिलता था, लेकिन अब रोजाना फसल नुकसान हो रहा है। खेतों में बाड़े भी बनाए गए हैं, लेकिन वह भी अब काम नहीं आ रहे हैं, क्योंकि इनकी संख्या पहले के मुकाबले काफी बढ़ गई है। वे झूंड में आते हैं और खेतों में लगी फसलों को तहस-नहस कर देते हैं। जंगली सुअर गांव के करीब जंगली क्षेत्रो में ही डेरा डाले हुए हुए और शाम-रात को ही बाहर निकलते हैं। उनके साथ कुछ शावकों को भी देखा गया है। धरणीधर पटेल, सहनदास महंत व सुरेश पटेल बताते हैं कि उनके खेतों में भी बीते दिनों ही जंगली सुअरों की मौजूदगी की वजह से फसल को नुकसान हुआ। जब से गांव के कुछ लोगों पर जंगली सुअरों ने हमला किया है, तब से गांव में डर का माहौल है। दिन ढलने के बाद अपने घर में ही रहना सुरक्षित समझते हैं। ग्रामवासी बताते हैं कि जंगली सुअर अक्सर, जामपाली खार व जुनातराई तालाब की ओर अक्सर इनका डेरा रहता है। ग्रामीणों से चर्चा करने के बाद जब हरिभूमि की टीम उस स्थान पर पहुंची, जहां पिंजड़ा लगाया गया था। तब हमने देखा कि मौके पर रखे गए पिंजड़े का दरवाजा तक नहीं खोला गया है, इसके अलावा इसमें कोई चारा भी नहीं डाला गया था। ताकि वे इस पिंजड़े की ओर आकर्षित हों। ऐसे में इसमें जंगली सुअर कैसे पकड़ में आएगा, यह सवाल उठना लाजमी है। मौके पर किसान रामायण महंत ने बताया कि उक्त खेत के पीछे नाला है और इसी से लग कर जंगल का क्षेत्र शुरू होता है।

सरसमाल में मूंगफली की फसल बर्बाद

कर्राजोर गांव में जंगली सुअरों के आंतक की स्थिति और ग्रामवासियों की परेशानियों को जानने व समझने के बाद हरिभूमि की टीम ग्राम सरसमाल पहुंची। जहां एक खेत में मूंगफली की फसल लगी हुई थी। यहां कुमारी बाई और रामकुमारी पटेल से मुलाकात हुई। उन्होंने बताया कि उनके खेत में लगी मूंगफली की फसल लगी थी, लेकिन जंगली सुअरों ने खेतों को खोद कर मूंगफली निकाल ली और खेत के एक हिस्से में लगी फसल को पूरी तरह से बर्बाद कर दिया। महिला किसानों ने उनके इस नुकसान की भरपाई करने के लिए शासन से उचित मुआवजे की मांग की है।

खाना व पानी पर्याप्त, इसलिए बढ़ी आबादी

ग्रामीण भी इस बात को मानते हैं कि कर्राजोर, सरसमाल, जामपाली, सुर्री सहित आस-पास के गांव में कई तालाब, नाले हैं और इन क्षेत्रों में फसल भी अच्छी होती है। यही वजह है कि जंगली सुअरों ने बीते करीब दो सालों से इस क्षेत्र में डेरा जमाया हुआ है और साल दर साल उनकी संख्या बढ़ती जा रही है। अब तो वे अलग-अलग झूंड में बंट कर जान माल का नुकसान कर रहे हैं।

खैर लकड़ी से लदा ट्रक जब्त, चालक फरार



रायगढ़। धरमजयगढ़ वन मंडल के बाकारुमा वन परिक्षेत्र में वन विभाग ने अवैध रूप से खैर लकड़ी परिवहन के संदेह में बड़ी कार्रवाई करते हुए एक ट्रक को जब्त किया है। कार्रवाई बुधवार की तड़के करीब 4 बजे बाकारुमा-लैलूंगा मार्ग पर धातुनपारा के पास की गई। जानकारी के मुताबिक, जंगली हाथियों की निगरानी के दौरान वन विभाग की टीम को खैर लकड़ी के अवैध परिवहन को लेकर सूचना मिली थी। बाकारुमा रेंजर विष्णु मरावी को इसकी सूचना दी गई। रेंजर ने तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों को मामले से अवगत कराया और कर्मचारियों की टीम गठित कर मौके पर भेजी। वन विभाग की टीम ने धातुनपारा के पास घेराबंदी कर संदिग्ध ट्रक क्रमांक यूपी 67 एटी 1395 को रोक लिया। तलाशी लेने पर ट्रक में बड़ी मात्रा में खैर की लकड़ियां लदी हुई मिलीं। टीम ने ट्रक और उसमें लदी पूरी लकड़ी को जब्त कर लिया। हालांकि, कार्रवाई के दौरान ट्रक चालक अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया। वन विभाग अब जब्त खैर लकड़ी की वास्तविक मात्रा का आकलन करने के साथ ही उसके परिवहन से संबंधित दस्तावेजों की जांच कर रहा है। इसके अलावा ट्रक के मालिक और लकड़ी के अवैध परिवहन से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी भी जुटाई जा रही है।

सूने घर में चोरी आलमारी तोड़कर 50 हजार पार

रायगढ़। धरमजयगढ़ के पतरापारा वार्ड क्रमांक 8 में एक सूने मकान को चोरों ने निशाना बनाते हुए अलमारी का लॉकर तोड़कर करीब 50 हजार रुपये नकद पार कर दिए। वारदात उस समय हुई, जब मकान मालिक परिवार के साथ रायपुर गया हुआ था। वापस लौटने पर घर का सामान बिखरा मिला और चोरी की घटना सामने आई। जानकारी के अनुसार अंबिकापुर के बाबूपारा निवासी महेन्द्र कुमार गुप्ता धरमजयगढ़ के पतरापारा में किराए के मकान में रहते हैं और फास्ट फूड का ठेला लगाते हैं। बताया गया कि 1 अक्टूबर की रात करीब 11 बजे वह परिवार के साथ मकान में ताला लगाकर रायपुर के लिए रवाना हुए थे। 2 अक्टूबर की सुबह करीब 10 बजे पड़ोसी प्रमोद जांगड़े ने फोन कर मकान का मुख्य दरवाजे का ताला टूटा होने की जानकारी दी। सूचना मिलने पर महेन्द्र ने वापस आने की तैयारी की, लेकिन 4 अक्टूबर को परिवार के साथ धरमजयगढ़ लौटने के बाद उन्होंने घर की स्थिति देखी तो सामान अस्त-व्यस्त पड़ा था। बेडरूम में रखी अलमारी का लॉकर भी टूटा हुआ मिला।

शिक्षक के खाते से उड़ाए 47 लाख, ऑनलाइन गेमिंग में गंवाई रकम

रायगढ़। कोतरारोड़ थाना क्षेत्र के ग्राम कांटाहरदी में सेवानिवृत्त शिक्षक के बैंक खाते से करीब 6 सालों में 47 लाख 5 हजार की धोखाधड़ी का मामला सामने आया है। पीड़ित के परिचित और विश्वासपात्र रहे युवक ने बैंक संबंधी काम में मदद करने के दौरान उसके खाते से रकम अलग-अलग बैंक खातों में ऑनलाइन ट्रांसफर कर ली। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे रिमांड पर भेज दिया गया है।

जानकारी के मुताबिक कांटाहरदी निवासी रघुनाथ सिदार 64 वर्ष शिक्षा विभाग से वर्ष 2024 में सेवानिवृत्त हुए थे। वर्ष 2020 से गांव का ही छत्रपाल सिदार 34 वर्ष उनके



संपर्क में था। जाति समाज का होने के कारण दोनों के बीच परिचय था और छत्रपाल बैंक से जुड़े कामों में उनकी मदद करता था। वह चेक से राशि निकालने के लिए उनके साथ बैंक भी जाता था। इसी दौरान धीरे-धीरे उसने रघुनाथ का विश्वास हासिल कर लिया। सेवानिवृत्ति के बाद रघुनाथ के एसबीआई कोतरारोड़ खाते में जीपीएफ, ग्रेच्युटी और अवकाश समर्पण सहित अन्य रकम जमा हुई। मकान निर्माण के लिए जमीन खरीदने के उद्देश्य से जब उन्होंने बैंक से खाते का स्टेटमेंट निकलवाया तो उसमें बड़ी रकम के ऑनलाइन ट्रांजेक्शन देखकर उनके होश उड़ गए। जांच में पता चला कि जनवरी 2020 से जून 2026 तक कुल 47.05 लाख रुपये अलग-अलग बैंक खातों में ट्रांसफर किए गए थे। मामले की शिकायत के बाद कोतरारोड़ पुलिस ने 5 अक्टूबर को धारा 318(4) के तहत अपराध पंजीबद्ध करते हुए विवेचना प्रारंभ की गई। थाना प्रभारी निरीक्षक शील आदित्य सिंह के नेतृत्व में टीम ने आरोपी की पतासाजी कर उसे हिरासत में लिया। पूछताछ में आरोपी ने रकम को अपने एचडीएफसी बैंक, एसबीआई, बैंक ऑफ इंडिया और अपेक्स बैंक के खातों में ट्रांसफर करना स्वीकार किया। पुलिस के अनुसार आरोपी ने पूछताछ में बताया कि ट्रांसफर की गई रकम का इस्तेमाल उसने ऑनलाइन गेमिंग में कर दिया। पुलिस ने आरोपी के बैंक खातों की जानकारी, एटीएम और मोबाइल फोन जब्त कर आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि खाते से रकम ट्रांसफर करने के लिए आरोपी ने किस तरीके से बैंकिंग संबंधी जानकारी और मोबाइल का इस्तेमाल किया।

चाकू की नोक पर यूपीआई से कराए 1 लाख रुपये ट्रांसफर, बेटे की सूझबूझ से मिला लोकेशन

टहलने निकले प्रोफेसर का अपहरण, बंधक बनाकर की मारपीट, एक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

शासकीय किरोड़ीमल कला एवं विज्ञान महाविद्यालय के भूगोल विभाग में पदस्थ प्रोफेसर कपूरचंद गुप्ता के अपहरण के मामले में बेटे की सूझबूझ काम आई और वे किसी तरह अपहरणकर्ताओं के चंगुल से बाहर निकालने में सफल रहे। शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस अपराधियों तक पहुंची और एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया, जबकि तीन आरोपियों की तलाश की जा रही है। फिलहाल इस पूरे मामले की जांच कर रही है। उनके बैंक खाते से आरोपियों ने करीब 1 लाख रूपए भी ट्रांसफर किया है, जिसे होल्ड करवा दिया है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार प्रोफेसर कपूरचंद गुप्ता पिता



डमरूधर गुप्ता रोजाना अपनी बाइक से डिग्री कॉलेज आना जाना करते थे। 5 अक्टूबर को भी वे कॉलेज में काम खत्म होने के बाद अपनी बाइक से ही वापस गांव चले गए, जहां खाना खाने के बाद वे शाम करीब 7 बजे रोज की तरह टहलने के लिए निकले थे, इसी बीच जब वे थकान लगने पर सड़क किनारे डबरी के पास माइलस्टोन पर बैठकर आराम कर रहे थे। तभी वहां मोटरसाइकिल में कुछ युवक पहुंचे और चाकू की नोक पर उन्हें डरा धमका कर बाइक पर बैठाया। जिसके बाद उनकी आंखों पर पट्टी और हाथ बांध दिए, आरोपियों ने किसी प्रकार की हरकत करने पर जान से मारने की धमकी दी। जिसके बाद आरोपियों ने उन्हें मोटरसाइकिल से ही भूपदेवपुर स्थित ग्राम पंडरीपानी ले गए, जहां थाना भूपदेवपुर क्षेत्र में ले गए। उन्हें एक घर में बंधक बनाकर रखा गया था। इस दौरान प्रोफेसर गुप्ता के मोबाइल से गुगल पे के माध्यम से एक महिला के खाते में करीब एक लाख रूपए ट्रांसफर कराए। मुख्य बात यह है कि सभी आरोपी गांव के ही थे, ऐसे में उन्हें प्रोफेसर की दिनचर्या के बारे में पूरी जानकारी थी।

सारंगढ़ की महिला के खाते में भेजे पैसे

सख्ती से की गई पूछताछ में आरोपी सुनील सारथी ने अन्य साथियों के साथ मिलकर प्रोफेसर के अपहरण और उनके यूपीआई के माध्यम से रकम ट्रांसफर कराने की योजना में शामिल होना स्वीकार किया। आरोपियों ने सारंगढ निवासी एक महिला के खाते में यह पैसे ट्रांसफर किए थे। महिला से भी खाते के इस्तेमाल और रकम ट्रांसफर किए जाने के संबंध में पूछताछ की जा रही है। वहीं पैसों के लेनदेन की भी जांच की जा रही है। बताया जा रहा है कि सुनील सारथी पेशे से मैकेनिक है और प्रोफेसर की बाइक अक्सर रिपेयर करता है। ऐसे में वे उनकी दिनचर्या को भलीभांति जानता था।

बेटे की सूझबूझ से पता चल सका लोकेशन

इन सब के इतर काफी देर बीत जाने के बाद भी जब वे घर नहीं लौटे तो घर से उनकी पत्नी व बेटे का कॉल आना शुरू हुआ, तब आरोपियों ने चाकू ही उनसे यह कहलवाया कि वे डिग्री कॉलेज की प्राचार्य के साथ किसी काम से निकले हैं। ऐसे में उनके परिजनों को शंका हुई। जिसके बाद उनके बेटे ने मोबाइल लोकेशन सहित कुछ अन्य ऐप के माध्यम से उनकी मोबाइल का लोकेशन निकाला। इसके बाद उनके परिजन लोकेशन का पीछा करते हुए पंडरीपानी पहुंचे। इसकी भनक लगते ही आरोपी वहां से फरार हो गए। तब उन्हें सकुशल बरामद किया गया। उन्होंने कॉलेज के प्राचार्य और साथी प्राध्यापकों को घटना की जानकारी दी। इसके बाद कॉलेज के प्राध्यापक प्रोफेसर के साथ हुई वारदात में शामिल आरोपियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर थाने व एसपी कार्यालय पहुंचे। वहीं पुलिस ने आरोपी सुनील सारथी निवासी जकेला को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने अन्य संदिग्धों की पहचान किए जाने की बात कही है और उनकी गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश दी जा रही है।

खबर संक्षेप

फोरलेन का काम शुरू कराने गडकरी को पत्र

रायगढ़। सारंगढ़-बिलाईगढ़ क्षेत्र को रायगढ़ और बसना से जोड़ने वाली प्रस्तावित दो फोरलेन सड़क परियोजनाओं का काम शुरू कराने की मांग उठी है। छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रदेश सचिव सरिता मल्होत्रा ने केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर दोनों परियोजनाओं को जल्द आगे बढ़ाने का आग्रह किया है। पत्र में भारत सरकार के दस्तावेजों का हवाला देते हुए सारंगढ़ मानिकपुर रायगढ़ 56 किलोमीटर और बसना.सारंगढ़ ;मानिकपुरद्ध 33 किलोमीटर फीडर रूट का उल्लेख किया है। दोनों मार्गों की कुल लंबाई करीब 89 किलोमीटर है और इन्हें भारतमाला परियोजना के तहत प्रस्तावित किया गया है। उनका कहना है कि इन मार्गों के बनने से सारंगढ़.बिलाईगढ़ क्षेत्र की रायगढ़ के औद्योगिक क्षेत्र से सड़क कनेक्टिविटी मजबूत होगी।

जन्म दिवस पर स्कूली बच्चों को कराया भोज

सारंगढ़। अक्सर जन्म दिवस की खुशियां आलिशान पार्टियों, मंहगे उपहारों और केक काटने और शोर शराबे तक सीमित रह जाती है।लेकिन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरदी के प्राचार्य और पूर्व डीईओ श्रीमती विभावरी ठाकुर ने अपने जन्म दिवस पर इस पारंपरिक परिपाटी से इतर एक ऐसी मिसाल पेश की है जो समाज में सकारात्मक बदलाव लाने लोगों को प्रेरित करेगी। 5 अक्टूबर का दिन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हरदी एवं छात्रावासों में अध्ययनरत 600 सौ स्कूली बच्चों के लिए बेहद खास था जब प्राचार्य श्रीमती विभावरी ठाकुर ने अपने जन्म दिवस पर जरूरतमंद बच्चों के बीच पहुंच कर उन्हें स्नेह पूर्वक न्योता भोज कराया। यह न्यौता भोज केवल एक भोजन का आयोजन नहीं था अपितु उन बच्चों के लिए सम्मान, वात्सल्य और अपनत्व का एक अविस्मरणीय पल था। जब श्रीमती विभावरी ठाकुर स्वयं बच्चों के बीच बैठकर उनकी थालियों में भोजन परोसते हुए उन्हें खिला रही थी, तब उनके चेहरे का भाव एक प्राचार्य का नहीं बल्कि एक स्नेही माँ का था। बच्चों की आँखों में झलकती तृप्ति और उनके चेहरों की मासूम मुस्कान इस बात की गवाही दे रही थी कि खुशियां बांटने का असली मजा दूसरों के जीवन में प्रकाश लाने में ही है। वर्तमान परिवेश में जहां उत्सवों दिखावा संस्कृति हावी होते जा रहा है, वही प्राचार्य श्रीमती विभावरी ठाकुर का यह असाधारण कदम हर नागरिक अधिकारी कर्मचारी और जन प्रतिनिधियों के लिए एक सशक्त प्रेरणा है।

प्राइमरी स्कूल केनापाली में कहानी मेला का आयोजन



रायगढ़। अंतर्गत बच्चों में तर्कशक्ति एकल्पना शक्ति बौद्धिक विकास, मौखिक भाषा विकास, कल्पना से एक कदम आगे की सोच इसी शैक्षिक उद्देश्य पर आधारित कहानी मेला का आयोजन शासकीय प्राथमिक शाला केनापाली में 5 अक्टूबर को किया गया। इस मेले में बच्चों को विभिन्न स्टॉलों द्वारा अपनी प्रतिभाओं निखारने का एक सुनहरा अवसर मिला। बच्चों ने कहानी पठन चित्र पठन द्वारा मौखिक कहानी सुनाना अधूरी कहानी पूरा करो किसी भी पांच शब्दों से कहानी बनाना तथा श्रोल प्ले स्टॉल लगाकर अपनी प्रतिभा का परिचय दिया। इस अवसर पर ननसिया संकुल की प्राचार्य अंजना पांडे, धनागर संकुल के सक्रिय शैक्षिक समन्वय यशपाल नायक, प्राथमिक शाला ननसिया के शिक्षक चैतन प्रसाद चौधरी, प्राथमिक शाला बरमूडा के प्रधान पाठक चतुर्भुज पटेल, प्राथमिक शाला कोसमनारा की शिक्षिका एवं कवयित्री सुशीला साहू उपस्थित रहे। इस अवसर पर पालकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का आयोजन केनापाली विद्यालय टीम के प्रधान पाठक रमेश राम भगत, लता महंत सहायक शिक्षक, शिव प्रसाद पटेल सहायक शिक्षक, के मार्गदर्शन तथा ननसिया संकुल के सक्रिय सीएसी रविदास रात्रे के मार्गदर्शन में हुआ है।

70.99 करोड़ रुपए की मिली मंजूरी, 3,706 एकड़ में होगी सिंचाई

19 साल बाद पूरा होगा मैनी एनीकट का अधूरा काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर



कांसाबेल विकासखंड के ग्राम हथगड़ा के पास मैनी नदी पर प्रस्तावित मैनी एनीकट एवं नहर निर्माण का अधूरा काम अब 19 साल बाद पूरा होने की उम्मीद जगी है।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के निर्देश पर राज्य शासन ने परियोजना के लिए 70 करोड़ 99 लाख रुपये की मंजूरी प्रदान कर दी है।इसके बाद विभाग द्वारा अब टेंडर प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी की जा रही है।मैनी नदी पर बनने वाले इस महत्वपूर्ण सिंचाई प्रोजेक्ट के तहत एनीकट से पानी को डायवर्ट कर करीब 20 किलोमीटर लंबी नहर का निर्माण किया जाएगा। इससे कुल 3,706 एकड़ कृषि भूमि में सिंचाई सुविधा उपलब्ध होगी। इनमें खरीफ फसलों के लिए करीब 3,212 एकड़ तथा रबी फसलों के लिए करीब 494 एकड़ सिंचाई क्षमता प्रस्तावित है। मैनी एनीकट परियोजना के लिए वर्ष 2007 में करीब 12 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिली थी। उस समय जल संसाधन विभाग द्वारा नदी का पानी रोकने के लिए एनीकट की दीवार खड़ी की गई और नहर लाइनिंग का काम भी कराया गया। हालांकि भू-अर्जन की प्रक्रिया पूरी नहीं होने तथा अन्य तकनीकी एवं प्रशासनिक कारणों से परियोजना का काम लंबे समय तक अधूरा रहा।अब शासन से नई स्वीकृति मिलने के बाद परियोजना को दोबारा गति मिलने जा रही है। विभाग द्वारा टेंडर प्रक्रिया की तैयारी की जा रही है।

- लगभग 2100 किसानों को मिलेगा सीधा लाभ

क्षेत्र के 2100 किसानों को मिलेगा सीधा फायदा

नई नहर से कांसाबेल क्षेत्र के हथगड़ा, बिहाबल, पतरापाली, बांसबहार, चौंगरीबहार, गरियादोहर सहित आसपास के गांवों के किसानों को सिंचाई सुविधा मिलने की उम्मीद है। परियोजना पूरी होने से करीब 2,100 किसानों की कृषि भूमि को लाभ मिलेगा।नहर के निर्माण से किसानों को खरीफ के साथ-साथ रबी फसलों के लिए भी पानी उपलब्ध होगा, जिससे कृषि उत्पादन बढ़ने और खेती की लागत एवं जोखिम कम होने की उम्मीद है।

पुरानी दीवार को किया जाएगा दुरुस्त

नई स्वीकृति के बाद मैनी नदी में बनी एनीकट की पुरानी दीवार को भी आवश्यकतानुसार दुरुस्त किया जाएगा। जल संसाधन विभाग के अधिकारियों के अनुसार पुरानी दीवार की मरम्मत के साथ उसकी ऊंचाई और एक फीट बढ़ाई जाएगी, ताकि नदी का पर्याप्त पानी जमा हो सके।परियोजना क्षेत्र का विस्तार अधिक नहीं होने के कारण निर्माण कार्य को निर्धारित रूपरेखा के अनुसार आगे बढ़ाने पर विशेष फोकस रहेगा।

मांग पूरी होने की उम्मीद

मैनी एनीकट और नहर परियोजना क्षेत्र के किसानों की लंबे समय से चली आ रही मांग रही है। परियोजना के पूरा होने से कांसाबेल क्षेत्र में सिंचाई सुविधा का विस्तार होगा और बड़ी संख्या में किसानों को इसका प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा। 70 करोड़ 99 लाख रुपये की स्वीकृति के बाद अब वर्षों से अधूरी पड़ी परियोजना के धरातल पर उतरने की उम्मीद मजबूत हुई है।



मवेशी चराने के बहाने वन संपदा का हो रहा शोषण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के तपकरा वनपरिक्षेत्र के तुबा जंगल में कथित तौर पर अवैध पेड़ों की कटाई का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों के अनुसार मवेशी चराने के बहाने प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग जंगल के भीतर प्रवेश कर रहे हैं और इसी के आड़ में बेशकीमती पेड़ों की कटाई की जा रही है। लगातार हो रही कटाई से जंगल के प्राकृतिक स्वरूप के साथ-साथ पर्यावरण को भी गंभीर नुकसान पहुंचने की आशंका है।

बताया जा रहा है कि जंगल में मवेशी चराने के लिए प्रवेश करने वाले कुछ लोग वन क्षेत्र के भीतर जाकर पेड़ों को निशाना बना रहे हैं। पहले पेड़ों की टहनियों और छोटे पेड़ों की कटाई की जाती है, जबकि कई जगहों पर बड़े और उपयोगी पेड़ों को भी काटे जाने की बात सामने आ रही है। यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगाई गई तो आने वाले समय में तुबा जंगल का वन क्षेत्र और हरियाली बुरी तरह प्रभावित हो सकती है। स्थानीय ग्रामीणों का आरोप है कि जंगल में लगातार आवाजाही और पेड़ों की कटाई के बावजूद वन विभाग के मैदानी अमले की प्रभावी निगरानी नजर नहीं आ रही है।

ग्रामीणों का कहना है कि बीट गार्ड और वनरक्षक समिति के जिम्मेदार लोगों को जंगल की स्थिति की जानकारी होने के बावजूद कार्रवाई नहीं होने से अवैध कटाई करने वालों के हौसले बढ़ रहे हैं। तुबा जंगल केवल पेड़ों का समूह नहीं, बल्कि क्षेत्र के पर्यावरणीय संतुलन का महत्वपूर्ण हिस्सा है। जंगलों से भूजल संरक्षण, मिट्टी का कटाव रोकने, वन्यजीवों को आश्रय देने और स्थानीय जलवायु को संतुलित रखने में मदद मिलती है। ऐसे में यदि लगातार पेड़ों की कटाई होती रही तो इसका असर आने वाले समय में पूरे क्षेत्र पर पड़ सकता है।

- जंगल के चराने जाते हैं मवेशी, अंदर करते हैं बेशकीमती पेड़ों की कटाई

प्रभावी निगरानी की जरूरत

ग्रामीणों ने वन विभाग के उच्च अधिकारियों से मामले की गंभीरता से जांच कराने, जंगल का स्थल निरीक्षण करने और अवैध कटाई में शामिल लोगों की पहचान कर सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही यह भी मांग की गई है कि तुबा जंगल में नियमित गश्त बढ़ाई जाए और मवेशी चराने की आड़ में जंगल में होने वाली संदिग्ध गतिविधियों पर प्रभावी निगरानी रखी जाए।

कार्रवाई कागजों तक सीमित

अब सवाल यह है कि आखिर वन क्षेत्र में प्रतिदिन हो रही कथित अवैध कटाई पर जिम्मेदारों की नजर क्यों नहीं पड़ रही है? क्या विभाग के मैदानी अमले की निगरानी व्यवस्था इतनी कमजोर है कि जंगल के भीतर बेशकीमती पेड़ों पर लगातार कुल्हाड़ी चलती रहे और कार्रवाई केवल कागजों तक सीमित रह जाए? वन विभाग की जांच और कार्रवाई के बाद ही पूरे मामले की वास्तविक तस्वीर सामने आएगी।

बिजली आपूर्ति बहाल होने से ग्रामीणों को मिली राहत



जशपुरनगर। मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय की पहल से जनपद पंचायत कुनकुरी अंतर्गत ग्राम पंचायत भंडरी के आश्रित ग्राम देबोरा में खराब ट्रांसफार्मर बदलने के बाद गांव में विद्युत आपूर्ति पुनः बहाल हो गई है, जिससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली है। त्वरित कार्रवाई के लिए ग्रामीणों ने मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय के प्रति आभार व्यक्त किया है।

ग्रामीणों द्वारा मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय को अवगत कराया गया था कि ग्राम देबोरा में स्थापित विद्युत ट्रांसफार्मर खराब हो गया है। इसके कारण गांव में विद्युत आपूर्ति बाधित थी और ग्रामीणों को दैनिक कार्यों सहित अन्य आवश्यक गतिविधियों में परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। ग्रामीणों ने समस्या के शीघ्र निराकरण कराने की मांग की थी। ग्राम देबोरा मधेश्वर महादेव मंदिर के समीप स्थित बस्ती है। यहां स्थानीय ग्रामीणों के साथ-साथ मधेश्वर महादेव के दर्शन के लिए आने वाले श्रद्धालुओं और दर्शनार्थियों का निरंतर आवागमन रहता है। ऐसे में विद्युत आपूर्ति बहाल होने से ग्रामीणों के साथ क्षेत्र में आने वाले श्रद्धालुओं को भी सुविधा मिलेगी। समस्या का शीघ्र निराकरण होने से ग्रामीणों में खुशी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय एवं मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय के प्रति आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री कैंप कार्यालय बगिया के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं का त्वरित समाधान किया जा रहा है।

एनईएस कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने बनाई 76 फीट की रंगोली

जशपुरनगर। उच्च शिक्षा विभाग द्वारा आयोजित "रंगोली के रंग राष्ट्र के संग कार्यक्रम के तहत जिला स्तर पर अग्रणी महाविद्यालय शासकीय राम भजन राय एन.ई.एस. स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जशपुर नगर द्वारा रणजीता स्टेडियम में 76×76 फीट की विशाल रंगोली तैयार की गई।

"डिजिटल इंडिया"की थीम पर बनाई गई इस विशाल रंगोली में महाविद्यालय के लगभग 250 छात्र-छात्राओं ने सहभागिता करते हुए अपनी सृजनात्मकता का परिचय दिया। विशाल रंगोली में तकनीक, डिजिटल कनेक्टिविटी एवं भारत के विकास को विभिन्न प्रतीकों तथा भारत के मानचित्र के माध्यम से जीवंत रूप में प्रस्तुत किया गया। रंगोली के चारों ओर जगमगाते दीपों एवं पुष्प सज्जा ने पूरे वातावरण को आकर्षक एवं राष्ट्रभक्ति से ओत-प्रोत कर दिया। वहीं ब्लॉक स्तर पर जिले के सभी महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं द्वारा 17×17 फीट की रंगोली तैयार कर सेवा, सामाजिक चेतना तथा विकसित भारत के संकल्प को रंगों के माध्यम से अभिव्यक्त किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मंत्री राजेश अग्रवाल, जशपुर विधायक रायमुनि भगत, नगरपालिका अध्यक्ष अरविंद भगत सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने रंगोली का अवलोकन किया।



- दिया विकसित भारत का संदेश

देशप्रेम का संचार: अमरेन्द्र

महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. डॉ. अमरेन्द्र ने कहा कि रंगोली के रंग राष्ट्र के संग अभियान युवाओं में दायित्वबोध, सामाजिक चेतना और देशप्रेम का संचार करता है। उन्होंने कहा कि जब युवा प्रतिभा सेवा से जुड़ती है और सेवा राष्ट्रहित से जुड़ती है, तभी शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य सार्थक होता है।"जिला नोडल अधिकारी डॉ. आनंदराम पैंकरा ने बताया कि "रंगोली के रंग राष्ट्र के संग"कार्यक्रम जिले में तीन स्तरों पर आयोजित किया गया। प्रथम स्तर पर महाविद्यालय स्तर, द्वितीय स्तर पर जिले के सभी ब्लॉक मुख्यालयों तथा तृतीय स्तर पर जिला मुख्यालय में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

ग्रामीणों की समस्याओं का निराकरण कर योजनाओं का दिलाया जा रहा लाभ



जशपुरनगर। सेवा संकल्प अभियान के तहत जिले के सभी 8 विकासखंडों में आम नागरिकों की समस्याओं के त्वरित निराकरण तथा केन्द्र और छत्तीसगढ़ शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों तक पहुंचाने के उद्देश्य से सेवा सेतु शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी कड़ी में ग्राम कुकरभुका, जनपद पंचायत कांसाबेल, ग्राम किनकेल, जनपद पंचायत जशपुर, पत्थलगांव विकासखंड के ग्राम शेखरपुर तथा फरसाबहार विकासखंड के ग्राम समडमा में सेवा सेतु शिविर आयोजित किए गए। शिविरों में खाद्य, महिला एवं बाल विकास, राजस्व, मत्स्य पालन, पशुपालन, कृषि, श्रम एवं स्वास्थ्य विभाग सहित विभिन्न विभागों द्वारा विभागीय योजनाओं की जानकारी ग्रामीणों को दी गई। शिविर में ग्रामीणों से विभिन्न योजनाओं एवं सेवाओं से संबंधित आवेदन प्राप्त किए गए तथा प्राप्त आवेदनों का मौके पर ही निराकरण करने की कार्रवाई की गई। साथ ही विभिन्न विभागों द्वारा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं के अंतर्गत आवश्यक सामग्री का वितरण भी किया गया। सेवा सेतु शिविरों के माध्यम से ग्रामीणों को एक ही स्थान पर विभिन्न शासकीय सेवाओं और योजनाओं की जानकारी एवं लाभ मिल रहा है। इससे ग्रामीणों को शासकीय कार्यालयों के चक्कर लगाने से राहत मिल रही है। इस अवसर पर जनप्रतिनिधिगण, आम नागरिक, ग्रामवासी तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

जिले में 1 जून से अब तक 8646.9 मिमी वर्षा दर्ज

जशपुरनगर। जिले में 01 जून से 07 अक्टूबर 2026 तक 8646.9 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। इसी अवधि में पिछले 10 वर्षों की औसत वर्षा 11215.1 मिमी रही है, जो सामान्य का 77.1 प्रतिशत है। आज जिले में कुल 61.6 मिमी वर्षा रिकॉर्ड की गई। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 01 जून से 07 अक्टूबर तक तहसीलवार वर्षा इस प्रकार है- तहसील जशपुर में 792.4 मिमी, मनोरा में 1354.7 मिमी, कुनकुरी में 1175.2 मिमी, दुलदुला में 694.0 मिमी, फरसाबहार में 405.7 मिमी, बगीचा में 877.5 मिमी, कांसाबेल में 905.0 मिमी, पत्थलगांव में 750.3 मिमी, सन्ना में 1058.3 मिमी एवं बागबहार में 633.8 मिमी वर्षा दर्ज की गई है। जिले में सर्वाधिक वर्षा मनोरा तहसील में 1354.7 मिमी हुई है, जो सामान्य से 116.7 प्रतिशत है। वहीं आज सर्वाधिक वर्षा कांसाबेल तहसील में 40.0 मिमी दर्ज की गई।

बहेराकोना में इबारती सवाल शिक्षण पर डेमो कार्यशाला



जशपुरनगर। विकासखंड मनोरा के संकुल केंद्र अंधरझर के प्राथमिक शाला बहेराकोना में इबारती सवाल शिक्षण पर गणित पढ़ाने वाले शिक्षक-शिक्षिकाओं के लिए डेमो कार्यशाला विकासखंड शिक्षा अधिकारी तरुण पटेल, सहायक शिक्षा अधिकारी जगतपाल राम एवं स्त्रोत समन्वयक आशुतोष शर्मा के मार्गदर्शन में आयोजित गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य गणित शिक्षण की शिक्षण शास्त्रीय प्रविधि को व्यवहारिक धरातल पर उतारते हुए बच्चों के बीच शिक्षण करते हुए शिक्षकों के लिए देखने व एक दूसरे से सीखने का मौका उपलब्ध कराना था।

प्राथमिक शाला बहेराकोना के सहायक शिक्षक कालेश्वर राम सारस ने अपने स्कूल के कक्षा तीसरी से पांचवीं कक्षा के 14 बच्चों को इबारती सवाल को आसान प्रक्रिया से हल करना सिखाया। डेमो के आरम्भ में शिक्षक ने बच्चों से दैनिक जीवन के प्रसंग को इबारती सवाल के रूप में बच्चों के समक्ष रखते हुए मौखिक तौर पर हल कराया। इससे बच्चों के पूर्व ज्ञान को जोड़ते हुए लिखित इबारती सवाल रखा गया। फिर सवाल को बच्चों को पढ़ने का मौका दिया गया और सवाल में क्या दिया गया है और निकालना क्या है? इसे समझने पर बच्चों से बच्चों से बातचीत की। कार्यशाला में संकुल केंद्र अंधरझर, बहेरना एवं आमगांव के सभी प्राथमिक शालाओं के गणित पढ़ाने वाले शिक्षकों ने सहभागिता की। डेमो कार्यशाला के आयोजन में अंधरझर संकुल के समन्वयक जगेश्वर प्रसाद यादव, आमगांव संकुल के समन्वयक पवन कुमार सिंह, गीधा संकुल के समन्वयक रामलखन यादव एवं अजीम प्रेमजी फाउंडेशन के सदस्य मुकेश कुमार की अहम भूमिका रही। कार्यशाला में भाग लेने वाले प्रधान पाठकों एवं शिक्षकों में हिरमुनिया बाई, जयधर राम बुनकर, शिवकुमार यादव, दया टोप्पो, सिलवीनू टोप्पो, कपिल तिर्की, कमलेश निषाद, परमानंद राम, राजनाथ राम, हरेन्द्र कुमार सिंह सहित कई अन्य उपस्थित हुए।

रणजीता स्टेडियम में गूंजा विकसित भारत का संकल्प





हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जनसेवा से राष्ट्रसेवा के 25 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में आयोजित सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत 8 अक्टूबर को रणजीता स्टेडियम में विकसित भारत संकल्प सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पर्यटन मंत्री राजेश अग्रवाल की उपस्थित में 2047 तक भारत को विकसित राष्ट्र बनाने के संकल्प को साकार करने में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया गया। इसके पश्चात उनके नेतृत्व में रणजीता स्टेडियम से सेवा ज्योति यात्रा निकाली गई, जिसमें जनप्रतिनिधियों, कार्यकर्ताओं, स्वयंसेवकों और बड़ी संख्या में नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सेवा ज्योति यात्रा रणजीता स्टेडियम से प्रारंभ होकर जयस्तंभ चौक होते हुए संगम चौक पहुंची, जहां इसका समापन हुआ। यात्रा के दौरान राष्ट्रसेवा, विकसित भारत और सामूहिक सहभागिता का संदेश दिया गया। एवं संगम चौक में सेवा संकल्प चौक तैयार करने के लिए दीप भी स्थापित किया गया यात्रा में विधायक रायमुनी भगत, जिला पंचायत अध्यक्ष सालिक साय, नगर पालिका अध्यक्ष अरविंद भगत, जिला पंचायत उपाध्यक्ष शौर्य प्रताप सिंह जूदेव, शकृष्ण कुमार राय सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, कार्यकर्ता, स्वयंसेवक एवं नागरिक शामिल हुए। इस अवसर पर पर्यटन मंत्री श्री राजेश अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनसेवा और राष्ट्रसेवा की यात्रा के 25 वर्ष पूर्ण होना देश के लिए महत्वपूर्ण अवसर है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने निरंतर राष्ट्रहित को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए देश को नई दिशा देने का कार्य किया है। हम सभी को उनके विकसित भारत के संकल्प को साकार करने में अपनी भूमिका निभानी चाहिए। उन्होंने कहा कि भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाने का लक्ष्य केवल सरकार के प्रयासों से पूरा नहीं हो सकता। इसके लिए देश के प्रत्येक नागरिक की सक्रिय भागीदारी और सामूहिक प्रयास जरूरी है। उन्होंने नागरिकों से राष्ट्र निर्माण में पूरी ऊर्जा और प्रतिबद्धता के साथ योगदान देने का आह्वान किया।

नशामुक्ति के साथ महिला सशक्तिकरण कौशल विकास और रोजगार पर रहेगा जोर



रायगढ़। हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड गारे पेल्मा कोल माइंस IV/4 के सीएसआर के तहत पुलिस विभाग और जिला प्रशासन के सहयोग से ग्राम बेलजोर में युवा संकल्प-II के द्वितीय चरण का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में एसएसपी भी शामिल हुए। परियोजना के दूसरे चरण में नशामुक्ति अभियान के साथ महिला सशक्तिकरण, युवाओं के कौशल विकास, रोजगार एवं आजीविका सृजन पर विशेष जोर दिया जाएगा। स्कूल ड्रॉपआउट विद्यार्थियों को ओपन स्कूल के माध्यम से 10वीं और 12वीं की शिक्षा पूरी करने के लिए भी प्रोत्साहित किया जाएगा। कार्यक्रम में एसएसीपी शशि मोहन सिंह ने कहा कि नशा केवल स्वास्थ्य ही नहीं, बल्कि परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। उन्होंने ग्रामीणों से नशे के खिलाफ सामूहिक रूप से अभियान चलाने और बेलजोर को 100 प्रतिशत नशामुक्त बनाने का संकल्प लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि नशे के खिलाफ लड़ाई केवल पुलिस की नहीं, बल्कि पूरे समाज की जिम्मेदारी है। कार्यक्रम में बच्चों ने नशामुक्ति और स्वच्छता पर आधारित नृत्य-नाटिका प्रस्तुत की। वहीं युवा संकल्प फेस-1 के दौरान नशामुक्ति अभियान में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं को सम्मानित किया गया। बेलजोर की महिलाओं ने गांव को नशामुक्त बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर हिंडाल्को की सीएसआर हेड रंजना नाग, एचआर हेड प्रेम कुमार सिंह, बेलजोर की उपसरपंच बिमला सिदार, आगाज संस्था की अध्यक्ष मोनिका इजारदार सहित संस्था की टीम, पांच पंचायतों के सरपंच-उपसरपंच एवं बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

कीटनाशक पीने से गंभीर युवक की उपचार के दौरान मौत

अम्बिकापुर। पत्थलगांव अंतर्गत ग्राम ठेलुपारा निवासी जय सिंह आ. रामजय (41 वर्ष) 5 अक्टूबर को गांव में धान मिसाई करने गया था। रात करीब 11 बजे घर आया और उल्टी करने लगा।

न्यायालय श्रीमान प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कोरबा (छ०ग०)

आम ईश्तहार/नोटिस

प्रो० नं० 132/26
उत्तराधिकार प्रकरण कमांकः-17/2026
पेशी तारीख 26.10.2026

श्रीमती राजकुमारी कंवर व अन्य आवेदिकागण
बनाम
जिला कार्यालय रायगढ़ व अन्य अनावेदकगण

उपरोक्त आवेदिकागण श्रीमती राजकुमारी कंवर व अन्य के द्वारा जिला कार्यालय रायगढ़ व अन्य के विरूद्ध धारा 372 उत्तराधिकार अधिनियम 1995 के तहत राजेश सिंह कंवर (मृत्यु, दिनांक 22.04.2026) द्वारा जिला कार्यालय रायगढ़, तहसील व जिला रायगढ़ (छ.ग.) के विभाग में जमा राशि को प्राप्त करने के लिए उत्तराधिकार प्रमाण पत्र प्रदाय किये जाने बाबत प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कोरबा के न्यायालय में आवेदन प्रस्तुत किया गया है और उक्त प्रकरण की आगामी दिनांक 26.10.2026 है।

अतः अनावेदकगण, (आम जनता जिसका इससे कोई संबंध हो), को उक्त प्रकरण के संबंध में यदि कोई आपत्ति हो तो सुनवाई दिनांक 26.10.2026 को सुबह 11:00 बजे उपस्थित होकर अपना दावा-आपत्ति इस न्यायालय में पेश करें, अन्यथा प्रकरण की सुनवाई आपके विरूद्ध एक पक्षीय कार्यवाही करते हुए की जाएगी।

नोटः- अगर उक्त दिनांक को न्यायालय का अवकाश हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई आगामी कार्य दिवस में की जावेगी।

आज दिनांक 05/10/2026 को न्यायालय के मोहर एवं मेरे हस्ताक्षर से जारी किया गया।

(कु. मयूरा गुप्ता)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी कोरबा, जिला (छ.ग.)



रजनीकांत की जेलर 2 में ऋतिक का होगा कैमियो

नई दिल्ली। जेलर 2 के ट्रेलर को लेकर सुर्खियां इस वजह से भी तेज हैं, क्योंकि इसमें एक बॉलीवुड सुपरस्टार के कैमियो की सीक्रेट झलक देखने को मिली है। फिल्मी सितारों का मूवीज में कैमियो करने का चलन सिनेमा जगत में लंबे अरसे से चला रहा है। अब इस मामले में नया नाम वॉर फिल्म अभिनेता ऋतिक रोशन का शामिल हो रहा है। जी हां ऋतिक ही वह बॉलीवुड सुपरस्टार हैं, जो रजनीकांत की अपकमिंग मूवी जेलर 2 में कैमियो रोल प्ले करते दिखेंगे। जेलर 2 के ट्रेलर में ऋतिक की बैक साइड से हल्की सी झलक देखने को मिली है। लेकिन उनकी कद-काठी और स्टाइल को देखकर ये साफ पता चल रहा है कि वह ऋतिक हैं।

लाइफ Style

तमन्ना

बार-बार सर्च करती हैं अपना नाम

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

फिल्म इंडस्ट्री में मात्र 15 साल की कम उम्र से अपने अभिनय सफर की शुरुआत करने वाली लोकप्रिय अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने अपने अब तक के लंबे करियर में कई उतार-चढ़ाव देखे हैं। वर्ष 2005 की अपनी शुरुआती तस्वीरों से लेकर आज तक की इस पूरी विकास यात्रा को वह अपनी फिल्मों में जीवंत रूप से दर्ज होते हुए देखती हैं।

इस दौरान उन्हें इस बात का थोड़ा अफसोस भी है कि व्यस्त दिनचर्या के कारण उन्होंने कभी खुद के लिए पर्याप्त वक्त नहीं निकाला। एक विशेष साक्षात्कार में तमन्ना ने अपने इसी सिनेमैटिक सफर के कई अनछुए और दिलचस्प पहलू साझा किए। साक्षात्कार में जब यह सवाल पूछा गया कि क्या वह इंटरनेट पर खुद के बारे में सर्च (गूगल) करती हैं, तो उन्होंने बिना झिझक के स्वीकार किया, 'हर समय। मैं पूरे दिन खुद के बारे में गूगल करती रहती हूँ। मैं यह देखना और जानना चाहती हूँ कि लोग मेरे बारे में क्या बात कर रहे हैं। कभी-कभी सर्च करते वक्त बहुत ही मजेदार और फनी चीजें भी देखने को मिल जाती हैं।' इंटरनेट पर अपने बारे में लिखी जाने वाली बातों का जिक्र करते हुए वह निष्कर्ष देती हैं, 'कभी-कभी ऑनलाइन इतनी बेहतरीन और शानदार स्क्रिप्ट्स या समीक्षाएं पढ़ने को मिलती हैं, जिन्हें देखकर मन में आता है कि काश हमारी फिल्मों के लिए भी कोई ऐसे ही कमाल के लेखक दो-तीन अच्छी लाइनें लिख दें। लेकिन हाँ, यह सच है कि मैं हमेशा अपना नाम गूगल पर चेक करती रहती हूं।' अपने इस लंबे और व्यस्त कॅरियर को पीछे मुड़कर देखने पर अभिनेत्री को सबसे बड़ा मलाल खुद के लिए समय न निकाल पाने का है।



हॉलीवुड मसाला



द बैटमैन पार्ट-2 की शूटिंग ठप

लॉस एंजिल्स। निर्देशक मैट रीव्स की परिवारिक कारणों की वजह से फिल्म 'द बैटमैन पार्ट 2' की शूटिंग रोक दी गई है। इसकी जानकारी मेकर्स ने हाल ही में फैंस के साथ साझा की। फिल्म 'द बैटमैन पार्ट 2' की शूटिंग कुछ दिनों से लंदन में चल रही थी। मगर अब इसे रोक दिया गया है। फिल्म के निर्माता वार्नर ब्रदर्स और डीसी स्टूडियोज ने सोमवार को इसकी पुष्टि की जिससे इस सीक्वल को लेकर एक और नया मोड़ आ गया है, जिसकी रिलीज डेट पहले ही कई बार आगे बढ़ाई जा चुकी है।



अवेंजर्स डूम्सडे का नया पोस्टर मचा रहा खलबली

नई दिल्ली। 4600 करोड़ के बजट वाली फिल्म के खतरनाक विलेन का हैरतअंगज लुक रिलीज हो गया है। इस सुपरविलेन से लड़ने का काम 23 से ज्यादा सुपरहीरो करेंगे। हम बात कर रहे हैं अवेंजर्स डूम्सडे मूवी की. मलागा के कॉमिक-कॉन में अवेंजर्स डूम्सडे के डॉक्टर डूम और उनके दो साथियों का नया पोस्टर रिलीज किया गया है। इस पोस्टर को रिलीज करते हुए मार्वल स्टूडियोज ने इंस्टाग्राम पर लिखा है, 'सीधा मलागा कॉमिक कॉन से. चुड़ैलों का सीजन आ गया है। 18 दिसंबर 2026 को दुनियाभर के थिएटर्स में आ रही है अवेंजर्स डूम्सडे.' इस पोस्टर में डॉक्टर डूम के साथ उनकी बाकी साथी भी नजर आ रही हैं। अवेंजर्स डूम्सडे 18 दिसंबर को अंग्रेजी, हिंदी, तमिल और तेलुगु में भारतीय सिनेमाघरों में रिलीज होगी।



नई नवेली का दूसरा गाना फटा पटाखा रिलीज

मुंबई। यामी गौतम की अपकमिंग फिल्म 'नई नवेली' का नया और दूसरा गाना 'फटा पटाखा' रिलीज हो चुका है। इससे पहले इसी फिल्म से 'भाभी तबाही' सॉन्ग रिलीज किया गया था। यामी गौतम धर की ये फिल्म 'दशहरा' पर रिलीज हो रही है। अब 6 अक्टूबर को फिल्म का ये नया गाना 'फटा पटाखा' रिलीज किया गया है जिसमें बहुत सारी मस्ती, मिस्ट्री के साथ बहुत सारा एंटरटेनमेंट का मसाला भी है। कहा जा रहा है कि फिल्म में लीड रोल में नजर आने वाली यामी गौतम धर पहली बार इस तरह के रोल में दिख रही हैं, जो इससे पहले उन्होंने कभी नहीं निभाया है। मेकर्स के मुताबिक उनकी इस फिल्म की कहानी इंडियन फैंटेसी फैमिली-एंटरटेनर की दुनिया को जिंदा करती है। 'फटा पटाखा' गाने की काफी लोगों ने तारीफ की है।



15 साल बाद एक साथ करीना-शाहरुख

नई दिल्ली। एक्ट्रेस करीना कपूर खान करीब 15 साल बाद शाह रुख खान के साथ फिर से स्क्रीन स्पेस शेयर करती नजर आएंगी। खबर है कि एक्ट्रेस शाह रुख की आने वाली एक्शन-एंटरटेनर फिल्म 'किंग' में एक स्पेशल अपीयरेंस देंगी। करीना 'डैडी कूल' नाम के गाने में सुपरस्टार के साथ नजर आएंगी। एक रिपोर्ट के मुताबिक, करीना इस महीने के आखिर में साउथ अफ्रीका में शाह रुख के साथ इस स्पेशल गाने की शूटिंग करेंगी। बताया जा रहा है कि उन्होंने शूटिंग के लिए पांच दिन दिए हैं, और इसे बहुत बड़े पैमाने पर शूट करने की प्लानिंग है। 'डैडी कूल को एक बहुत ही खास गाने के तौर पर तैयार किया जा रहा है और इसमें शाह रुख और करीना को ऐसे अंदाज में साथ लाया जाएगा जैसा दर्शकों ने पहले कभी नहीं देखा होगा।

टीवी मसाला



सारा और बिग बी के बीच हुई शेरों शायरी की जुगलबंदी

नई दिल्ली। आयुष्मान खुराना और सारा अली खान जल्द ही फिल्म 'उड़ता तीर' में नजर आएंगे। दोनों सितारे इस स्पाई कॉमेडी फिल्म का प्रमोशन करने अमिताभ बच्चन के क्विज शो 'कौन बनेगा करोड़पति 18' में पहुंचे। इस दौरान अमिताभ बच्चन ने आयुष्मान की खूब तारीफ की। वहीं, सारा अली खान और बिग बी के बीच शेरों शायरी की जुगलबंदी देखने को मिली। बिग बी ने फिल्म 'गुलाबो सिताबो' में आयुष्मान खुराना के साथ काम करने का किस्सा शेयर किया। आयुष्मान की तारीफ में अमिताभ बच्चन ने कहा, 'हमने इनके साथ एक फिल्म की थी 'गुलाबो सिताबो'। बहुत ही तैयारी करके ये आते थे। हमको लाइन याद करने में तकलीफ होती थी। एक तो हमें बूढ़ा बना दिया। डायरेक्टर ने कहा कि पूरी पिक्चर में आपको झुककर चलना है तो वैसे ही हम अपनी लाइन भूल रहे थे। मगर, इनमें इतना धैर्य था कि 'चलो यार बुढ़ऊ है, थोड़ा समय दे देते हैं। इनकी तरफ से कहीं भी गलती नहीं देखिएगा, इतना सुंदर अभिनय था इनका'। बिग बी से अपने लिए तारीफ के ये शब्द सुनकर आयुष्मान खुराना मुस्कुराने लगे और शुक्रिया की मुद्रा में हाथ जोड़ने लगे। इसके बाद आयुष्मान खुराना ने अमिताभ बच्चन और सारा अली खान के बीच शेरों-शायरी की महफिल सजवाई। दरअसल, एक्टर ने अमिताभ बच्चन से कहा, 'आपकी लेगेसी है, जहां से आप आए हैं। आप हरिवांश राय बच्चन जी के सुपुत्र हैं। महान कवि थे वे।

सुसाइड की कोशिश में कलाई की नस काट ली थी

नई दिल्ली। रियलिटी शो राइज एंड फॉल शो के दौरान भोजपुरी एक्ट्रेस काजल राघवानी ने अपनी लाइफ के एक डिफिकल्ट टाइम के बारे में बात की, उन्होंने बताया कि एक समय पर वो इतनी ज्यादा परेशान हो गई थीं कि उन्होंने अपनी जान लेने की कोशिश की थी।



दरअसल, शो के दौरान कंटेस्टेंट निहारिका तिवारी ने काजल के हाथ पर कलाई कटने का निशान देखा और उसके बारे में पूछा। तब काजल ने बताया, 'मैंने सुसाइड करते समय अपने हाथ की कलाई की नस काटी थी।' काजल राघवानी की इस बात ने वहां मौजूद सभी कंटेस्टेंट को चौंका दिया। वहीं, काजल की बात सुनते ही मनीष कश्यप उनसे कहते हैं, 'मैं इंजेक्शन से डरता हूं, यहां लड़कियां हाथ काट लेती हैं। आप लोगों को इतनी हिम्मत आ कहां से रही है। शिद्दत से प्यार करिए लेकिन अगर कोई भूल रहा है, तो उसे भूल जाओ।' हालांकि, काजल ने साफ किया कि ऐसा उन्होंने किसी के छोड़ जाने या प्यार में नहीं किया था बल्कि अपने लिए किया था।

साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म 'तू है मेरी किरण' का ट्रेलर जारी

मुंबई। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल जल्द ही फिल्म 'तू है मेरी किरण' में नजर आएंगे। मंगलवार को फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ है। सोनाक्षी सिन्हा और जहीर इकबाल जल्द ही पर्दे पर साथ काम करने नजर आएंगे। फिल्म का नाम है- 'तू है मेरी किरण'। यह एक रोमांटिक-साइकोलॉजिकल थ्रिलर फिल्म है। जहीर इकबाल एक जुनूनी आशिक के रोल में नजर आए हैं। फिल्म का ट्रेलर जारी हो चुका है। फिल्म 'तू है मेरी किरण' का ट्रेलर सस्पेंस और थ्रिल से भरा है। कहानी प्यार-मोहब्बत वाली है, मगर यह प्यार एकतरफा है। एक तरफा प्यार, दूसरे के लिए आफत बनता है। कुछ ऐसा ही इस ट्रेलर में देखने को मिला है। जहीर इकबार सनकी आशिक के रोल में हैं। सोनाक्षी सिन्हा को वो इस कदर परेशान कर देते हैं कि वह अकेले छोड़ देने की गुजारिश करती हैं। ट्रेलर में जहीर इकबाल सोनाक्षी से कहते हैं, 'तुम जैसी लड़की के लिए मुझ जैसे लड़के के लिए प्यार करना बहुत मुश्किल है'। दोनों में जान-पहचान होती है। बातें होती हैं। एक दिन जहीर का किरदार प्रपोज कर देता है और कहता है, 'आई लव यू किरण'। सोनाक्षी का किरदार चौंकता है और हद में रहने को कहता है। जहीर का जवाब होता है, 'अगर यह एकतरफा प्यार हुआ तो दिल टूट जाएगा मेरा। तुम्हें भी मुझसे प्यार करना होगा किरण'। जुनूनी आशिक से तंग आकर सोनाक्षी कहती हैं, 'तुम्हें जो चाहिए, सब ले लो। मुझे अकेला छोड़ दो प्लीज'। किरण के साथ बहुत अजीब-अजीब घटनाएं घटती हैं। ट्रेलर में कुछ सस्पेंस भी है। हालांकि, इसका राज नहीं खुला है। क्या सस्पेंस है, यह फिल्म देखकर ही पता चलेगा। मगर, ट्रेलर काफी दिलचस्प है। यह फिल्म 23 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। फिलहाल ट्रेलर पर दर्शकों की सकारात्मक प्रतिक्रिया आ रही है।



राजू ने याद किए बुरे दिन, चैनल बंद होने से डूब गए थे सारे पैसे, नहीं था कोई सहारा

नई दिल्ली। अभिनेता- निर्देशक राजू खेर ने सिद्धार्थ कनन से बातचीत में अपने पुराने वक्त को याद करते हुए कहा, 'एक समय था जब मैं बुरे दौर से गुजर रहा था। मैंने अपना घर बेच दिया था क्योंकि एक नया चैनल आने वाला था, इसलिए मैंने कहीं और एक फ्लैट खरीद लिया था। नया चैनल लॉन्च होने वाला था और कई लोग पायलट प्रोजेक्ट बना रहे थे, समझौते भी हो चुके थे। मैंने भी 'लाइफ के लिए कुछ भी करेगा' नाम का एक कार्यक्रम बनाया था। अचानक मुझे पता चला कि वह चैनल बंद हो गया है। फ्लैट बेचकर जो पैसे मिले थे, मैंने उस कार्यक्रम में लगा दिए थे। मुझे लगा था कि मेरी जिंदगी शानदार है, चार बेडरूम का घर है, परिवार के लिए सब कुछ तैयार है। फिर, चैनल गायब हो गया और किसी को पता नहीं चला कि क्या हुआ। उनके दरवाजे पर बस एक ताला लगा हुआ था।'



फिल्म और टेलीविजन में किया काम

राजू खेर ने फिल्म और टेलीविजन दोनों में अभिनेता और निर्देशक के रूप में काम किया है। उन्होंने 1990 के दशक में अभिनय शुरू किया और गुलाम, जंगल, ओम जय जगदीश, शूटआउट एट वडाला, कृष 3, मैं तेरा हीरो, ऊंची और पटना शुक्ला जैसी फिल्मों में अभिनय किया है। उन्होंने कई टेलीविजन शो का निर्देशन भी किया है। 1999 का सीरियल संस्कार, साथ ही मंजिल, अभिलाषा और रेत का दरिया के लिए वह काफी मशहूर हुए।

लगा भाई अनुपम ने नहीं की मदद

आगे अपने इंटरव्यू में राजू ने कहा, 'मुझे भी किराया चुकाने का दबाव महसूस हो रहा था। मेरे पास कोई और सहारा नहीं था, मैं सिर्फ अपने भाई से बात कर सकता था, और मुझे लगा कि वह मेरी मदद करेगा। लेकिन, उस समय उसने भी काम करना बंद कर दिया था। कारण यह था कि वह उन अजीबोगरीब फिल्मों में काम नहीं करना चाहता था, वह सार्थक भूमिकाएं चाहता था। इसलिए, मुझे लगा कि मेरे भाई ने मेरी मदद नहीं की। वह कर सकता था, यही मेरा उस समय का विचार था।' राजू ने आगे बताया कि अनुपम खेर उस वक्त खुद निजी संघर्षों से गुजर रहे थे। इस वजह से वह राजू की मदद नहीं कर सके। मगर इस बात का एहसास राजू को कई साल बाद हुआ।

मनोवैज्ञानिक पारिवारिक ड्रामा है यह फिल्म, जिम्मी और दिव्या आएंगे नजर

'तुम रहे ना तुम' का टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में होगा वर्ल्ड प्रीमियर

नई दिल्ली। जिम्मी शेरगिल और दिव्या दत्ता स्टारर फिल्म 'तुम रहे ना तुम' का वर्ल्ड प्रीमियर 10 अक्टूबर को इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ साउथ एशिया टोरंटो में होगा। फिल्म का प्रीमियर गाला स्क्रीनिंग के तौर पर मिसिसॉगा के सिनेप्लेक्स सिनेमाज कोर्टनी पार्क में किया जाएगा। प्रेम प्रकाश मोदी के निर्देशन में बनी यह फिल्म एक मनोवैज्ञानिक पारिवारिक ड्रामा है। फिल्म में जिम्मी शेरगिल और दिव्या दत्ता मुख्य भूमिकाओं में हैं, जबकि तनिष्का तिवारी, हर्ष छाया, जरीना वहाब और राजेश जैसे अहम किरदारों में नजर आएंगे।

नाटक 'द फादर' से प्रेरित फिल्म

फिल्म की पटकथा राकेश कुमार त्रिपाठी ने लिखी है। विक्रमजीत रॉय इसके एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर हैं, जबकि दीपांकर 'जोजो' चाकी एग्जीक्यूटिव प्रोड्यूसर के साथ फिल्म के साउंड डिजाइनर भी हैं। फिल्म का निर्माण विन्नी चावला, डॉ. वृंदा चावला और सोनू कटियाल ने फैनैटिकली फिल्मी प्राइवेट लिमिटेड के बैनर तले किया है। 'तुम रहे ना तुम' स्वीडिश नाटककार ऑगस्ट स्ट्रिंडबर्ग के चर्चित नाटक "द फादर" से प्रेरित है। कहानी को भारतीय पारिवारिक परिवेश में रखा गया है और उत्तराखंड के एक पहाड़ी शहर की पृष्ठभूमि में एक पति-पत्नी के बीच अपनी बेटी के भविष्य को लेकर शुरू हुए टकराव को दिखाया गया है। धीरे-धीरे यह विवाद सिर्फ बेटी के फैसले तक सीमित नहीं रहता, बल्कि परिवार के भीतर सत्ता, पहचान, भरोसे और रिश्तों को लेकर गहरे संघर्ष में बदल जाता है।



बच्चे की भविष्य पर सवाल

फिल्म परिवार और रिश्तों के जरिए यह सवाल भी उठाती है कि आखिर किसी बच्चे के भविष्य को तय करने का अधिकार किसके पास होना चाहिए। कहानी में पितृसत्ता, असुरक्षा, विरासत और माता-पिता की अपेक्षाओं के साथ-साथ उन भावनात्मक जख्मों को भी जगह दी गई है, जो लंबे समय में रिश्तों को प्रभावित करते हैं। फिल्म किसी एक किरदार को पूरी तरह सही या गलत ठहराने के बजाय दो ऐसे लोगों के बीच के संघर्ष को सामने रखती है, जिनकी अपनी कमियां और असुरक्षाएं हैं।

भारत से बाहर के दर्शकों तक भी पहुंचेगी फिल्म

फिल्म के वर्ल्ड प्रीमियर को लेकर जिम्मी शेरगिल ने कहा, 'तुम रहे ना तुम' की शुरुआत **IFFSA** टोरंटो में वर्ल्ड प्रीमियर के साथ होना मेरे लिए बेहद खास है। कहानी एक भारतीय परिवार से जुड़ी है, लेकिन इसमें मौजूद भावनाएं सार्वभौमिक हैं। मुझे उम्मीद है कि भाषा और भौगोलिक सीमाओं से परे यह फिल्म लोगों से जुड़ पाएगी। निर्देशक प्रेम प्रकाश मोदी ने कहा कि एक सदी से भी पहले लिखी गई कहानी का आज भी प्रासंगिक महसूस होना अपने आप में खास है। उन्होंने उम्मीद जताई कि इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल ऑफ साउथ एशिया टोरंटो के जरिए फिल्म भारत से बाहर के दर्शकों तक भी पहुंचेगी। वहीं, दिव्या दत्ता ने कहा कि परिवार, प्यार और उम्मीदों को लेकर हर संस्कृति में अपनी समानताएं होती हैं। उनके मुताबिक, फिल्म में रिश्तों को जिस तरह से दिखाया गया है, उसमें दुनिया भर के दर्शक अपनी जिंदगी की कोई न कोई झलक देख सकते हैं।

खबर संक्षेप

ड्रॉइंग स्पर्धा में ट्विंकल ने लहराया परचम



कोसीर। अशोक पब्लिक स्कूल में द्वारा कारगिल विजय दिवस के पावन अवसर पर आयोजित पोस्टर मेकिंग एवं ड्रॉइंग प्रतियोगिता में विद्यालय की होनहार छात्रा ट्विंकल चौहान ने अपनी अद्वितीय कला और रचनात्मक सोच का लोहा मनवाते हुए प्रथम पुरस्कार अपने नाम कर एक बार फिर इतिहास रच दिया है। ट्विंकल ने न सिर्फ अकादमिक स्तर पर बल्कि खेलकूद, चित्रकला और अन्य पाठ्यसहगामी गतिविधियों में निरंतर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर यह सिद्ध कर दिया है कि आज की बेटियां किसी भी क्षेत्र में पीछे नहीं हैं। देश के अमर शहीदों और कारगिल के वीरों को समर्पित इस प्रतियोगिता में उनकी कलाकृति ने देशभक्ति, राष्ट्रप्रेम और भावनाओं को रंगों के जरिए जिस बेबाकी से कैनवास पर उकेरा। विद्यालय प्रबंधन द्वारा ट्विंकल को स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मानित किया गया।

कलेक्टर-एसएसपी से बंजारी समिति की भेंट

तमनार। सर्व शक्तिपीठ मां बंजारी धाम तराईमाल में शारदीय नवरात्र पर्व 72 वीं मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलन के लिए 7 अक्टूबर को कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशि मोहन सिंह से माँ बंजारी धाम समिति सदस्य कार्यकर्ता मिलकर नवरात्र पर्व के सम्बन्ध में चर्चा परिचर्चा की गई। 11 अक्टूबर को दीप प्रज्वलन शुभारंभ नवरात्र पर्व हेतु निमंत्रण दिया गया। बंजारी माई की कृपा से परंपरा अनुसार नवरात्रि पर्व में मां बंजारी देवी नवदुर्गा की पूजा अर्चना अखंड मनोकामना दीप प्रज्वलित की जाती है इस वर्ष शारदीय नवरात्र पर्व कार्यक्रम 10 अक्टूबर विशाल कलश यात्रा, 11 अक्टूबर नवरात्रि दीप प्रज्वलन प्रारम्भ, 19 अक्टूबर संधि पूजन, दुर्गा अष्टमी, रात्रि हवन पूजन, 20 अक्टूबर महानवमी विशाल हवन पूजन कन्या भोज महाभण्डारा होगी। हर दिन प्रसाद वितरण के साथ दोपहर व आरती के बाद रात्रि भोजन भंडारा खिलाया जाएगा।

संगीत महाविद्यालय में 40 सीटों पर प्रवेश

रायगढ़। रायगढ़ में नवीन शासकीय संगीत महाविद्यालय में सत्र 2026.27 से बीपीए बैचलर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट पाठ्यक्रम में प्रवेश प्रक्रिया जारी है। प्रवेश के लिए निर्धारित 40 सीटों पर विद्यार्थियों से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 10 अक्टूबर है। बीपीए पाठ्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को शास्त्रीय गायन हिन्दुस्तानी कथक नृत्य एवं लोक संगीत जैसे विषयों में अध्ययन का अवसर मिलेगा।

5 परिवारों को शौचालय निर्माण की स्वीकृति

रायगढ़। जनपद पंचायत लैलूंगा के ग्राम पंचायत नारायणपुर में शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में लोकसभा सांसद राधेश्याम राठिया की उपस्थिति में 5 परिवारों को नवीन शौचालय निर्माण के लिए स्वीकृति आदेश वितरित किए गए। कार्यक्रम के दौरान स्वच्छता के क्षेत्र में सक्रिय रहकर ग्रामीणों को जागरूक करने और स्वच्छता गतिविधियों में योगदान देने वाले 2 स्वच्छाग्रही समूहों को सम्मानित किया गया।

87 वृद्धजनों के स्वास्थ्य की जांच

रायगढ़। अंतर्राष्ट्रीय वृद्धजन पखवाड़ा के तहत मंगलवार को किरोड़ीमल जिला चिकित्सालय में वृद्धजनों के सम्मान एवं स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में 87 वृद्धजनों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यक चिकित्सकीय सेवाएं एवं परामर्श उपलब्ध कराया गया। जरूरतमंद 15 वृद्धजनों को छड़ी और 6 वृद्धजनों को वॉकर प्रदान किए गए। वहीं 60 वृद्धजनों को श्रीफल एवं शॉल भेंटकर सम्मानित किया गया। वृद्धजनों की हड्डियों की मजबूती की जांच के लिए निःशुल्क बीएमडी बोन मिनरल डेंसिटी जांच की सुविधा भी रखी गई, जिसका लगभग 100 वृद्धजनों ने लाभ लिया। जांच के साथ वृद्धजनों को हड्डियों एवं जोड़ों की देखभाल तथा बढ़ती उम्र में शारीरिक सक्रियता बनाए रखने के संबंध में चिकित्सकीय जानकारी दी गई।

26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का हुआ समापन

खेल से अनुशासन व टीम भावना का होता है विकासः राधेश्याम

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़



सारंगढ़ के खेलभांठा मैदान में आयोजित चार दिवसीय 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता का बुधवार को समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि रायगढ़ सांसद राधेश्याम राठिया रहे। इस अवसर पर कलेक्टर श्रीमती पद्मिनी भोई साहू सहित जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी, शिक्षा विभाग के अधिकारी शिक्षक, प्रशिक्षक एवं खिलाड़ी उपस्थित रहे।

प्रतियोगिता में रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, बस्तर और सरगुजा संभाग के खिलाड़ियों ने भाग लिया। प्रत्येक संभाग से 32 बालिकाएं एवं 34 बालक सहित 66 खिलाड़ी प्रतियोगिता में शामिल हुए। इस प्रकार पांचों संभागों के कुल 330 खिलाड़ियों ने फुटबॉल, सॉफ्टबॉल एवं क्रिकेट की विभिन्न स्पर्धाओं में अपनी खेल प्रतिभा का प्रदर्शन किया। समापन समारोह में दानसरा स्कूल के छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। विद्यार्थियों की प्रस्तुतियों की अतिथियों एवं उपस्थित दर्शकों ने सराहना की। सांसद राधेश्याम राठिया ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें आगे बढ़ने के अवसर उपलब्ध कराना प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच का महत्वपूर्ण हिस्सा है। उन्होंने कहा कि पांचों संभागों से आए खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता में अपनी शारीरिक क्षमता, मानसिक संतुलन, अनुशासन और खेल प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। उन्होंने कहा कि खेल में हार और जीत दोनों से सीख मिलती है। खेल विद्यार्थियों में अनुशासन, परिश्रम, धैर्य और टीम भावना विकसित करता है। मैदान में खिलाड़ी एक दूसरे के प्रतिद्वंद्वी होते हैं, लेकिन ऐसी प्रतियोगिताएं विभिन्न क्षेत्रों से आए खिलाड़ियों के बीच आपसी परिचय, मित्रता और अनुभव साझा करने का अवसर भी प्रदान करती हैं। सांसद श्री राठिया ने सभी खिलाड़ियों को उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। उन्होंने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए प्रशिक्षकों, शारीरिक शिक्षा शिक्षकों, निर्णायकों, भोजन एवं पेयजल व्यवस्था में लगे कर्मचारियों सहित आयोजन से जुड़े सभी अधिकारी कर्मचारियों को बधाई दी।

विजेता खिलाड़ियों एवं संभागों को किया गया पुरस्कृत

प्रतियोगिता के अंडर 14 बालक फुटबॉल में बस्तर संभाग ने प्रथम, रायपुर संभाग ने द्वितीय और बिलासपुर संभाग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर 17 बालक सॉफ्टबॉल में दुर्ग संभाग प्रथम, बस्तर संभाग द्वितीय तथा रायपुर संभाग तृतीय स्थान पर रहा। अंडर 17 बालिका सॉफ्टबॉल में दुर्ग संभाग ने द्वितीय तथा बस्तर संभाग ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। अंडर 17 बालिका क्रिकेट में सरगुजा संभाग प्रथम, बिलासपुर संभाग द्वितीय तथा दुर्ग संभाग तृतीय स्थान पर रहा। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर दुर्ग संभाग को ओवरऑल चैंपियन घोषित किया गया। उत्कृष्ट मार्च पास्ट का पुरस्कार सरगुजा संभाग तथा अनुशासन का पुरस्कार बिलासपुर संभाग को प्रदान किया गया। इस अवसर पर सभी संभाग प्रमुखों एवं दल प्रबंधकों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। समापन अवसर पर सांसद राधेश्याम राठिया ने खेल ध्वज को सम्मानपूर्वक अवतरित किया और 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता के समापन की घोषणा की।



बालिका क्रिकेट में सरगुजा का दबदबा, स्पर्धा का बना विजेता

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

सारंगढ़ के खेलभांठा मैदान में आयोजित 26वीं राज्य स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता में 17 वर्ष बालिका क्रिकेट के मुकाबले खासे रोमांचक रहे। प्रदेश के विभिन्न संभागों से पहुंची बालिका खिलाड़ियों ने बल्लेबाजी, गेंदबाजी और क्षेत्ररक्षण में अपनी प्रतिभा का शानदार प्रदर्शन किया। कड़ी टक्कर और जीत के लिए आखिरी क्षण तक चले संघर्ष के बीच सरगुजा संभाग ने शानदार प्रदर्शन करते हुए प्रथम स्थान हासिल कर विजेता का खिताब अपने नाम किया। बिलासपुर संभाग द्वितीय तथा दुर्ग संभाग तृतीय स्थान पर रहा।

चार दिवसीय प्रतियोगिता के दौरान बालिका क्रिकेट में खिलाड़ियों का उत्साह देखते ही बना। बल्लेबाजों ने जहां क्रीज पर धैर्य और आत्मविश्वास के साथ रन जुटाने का प्रयास किया, वहीं गेंदबाजों ने सधी हुई गेंदबाजी से विपक्षी बल्लेबाजों पर दबाव बनाया। क्षेत्ररक्षण में भी खिलाड़ियों ने चुस्ती और तालमेल का परिचय दिया। प्रत्येक मुकाबले में जीत के लिए टीमों के बीच कड़ी प्रतिस्पर्धा रही और खिलाड़ियों ने अंतिम गेंद तक हार नहीं मानने का जज्बा दिखाया।

सरगुजा की बालिकाओं ने दिखाया दमखम

प्रतियोगिता में सरगुजा संभाग की बालिका क्रिकेट टीम ने लगातार बेहतर प्रदर्शन करते हुए अपनी मजबूत दावेदारी पेश की। टीम के खिलाड़ियों ने बल्लेबाजी और गेंदबाजी के साथ क्षेत्ररक्षण में बेहतर तालमेल बनाकर मुकाबलों में बढ़त बनाई और अंततः प्रथम स्थान पर कब्जा जमाया। बिलासपुर संभाग ने भी कड़ी चुनौती देते हुए दूसरा स्थान हासिल किया, जबकि दुर्ग संभाग की टीम तीसरे स्थान पर रही।

27 फीसदी आरक्षण और जातिगत जनगणना की मांग, सौंपा ज्ञापन



कटेली। 27 प्रतिशत आरक्षण और जातिगत जनगणना की मांग को लेकर ओबीसी महासभा छत्तीसगढ़ के बैनर तले बस्तर संभाग के हजारों सामाजिक बंधुओं ने प्रदेश अध्यक्ष राधेश्याम साहू के निर्देशन एवं बस्तर संभागीय अध्यक्ष दिनेश यदु सतीश यादव प्रदेश सचिव के नेतृत्व में सारंगढ़ शहर के मुख्य मार्गों से रैली निकाली। हाथों में नारे लिखी तख्तियां और जयकारों के साथ यह रैली कलेक्ट्रेट परिसर पहुंची, जहां राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री के नाम डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

ओबीसी महासभा की दो प्रमुख मांगें हैं। इसमें पहली केंद्र सरकार द्वारा वर्ष 2027 में होने वाली राष्ट्रीय जनगणना के फॉर्मेट में अनुसूचित जाति एवं जनजाति की तरह अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए अलग कॉलम निर्धारित किया जाए और जातिगत जनगणना कराई जाए। दूसरी - छत्तीसगढ़ में अन्य पिछड़ा वर्ग को 27 प्रतिशत आरक्षण तत्काल प्रभाव से लागू किया जाए। इस अवसर पर प्रदेश सह सचिव सतीश यादव ने कहा कि ओबीसी महासभा छत्तीसगढ़ के द्वारा इस मांग को लेकर देश के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, राज्यपाल और मुख्यमंत्री को कई बार ज्ञापन सौंपा जा चुका है, बावजूद इसके आज तक हमारी मांगों पर कोई ठोस कार्यवाही नहीं हुई है। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि देश की लगभग 60 प्रतिशत आबादी वाले वर्ग की गिनती तक नहीं हो रही है। उन्होंने कहा कि जब तक ओबीसी समाज की वास्तविक जनसंख्या का आंकड़ा सामने नहीं आएगा, तब तक उनकी सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक स्थिति का सही आकलन नहीं हो सकता। जातिगत जनगणना के आंकड़े ही भविष्य की सरकारी नीतियों, योजनाओं और आरक्षण व्यवस्था के लिए महत्वपूर्ण आधार बनेंगे। उन्होंने सख्त लहजे में चेतावनी दी कि यदि आगामी लोकसभा सत्र तक हमारी मांगों पर विचार नहीं किया जाता है तो ओबीसी महासभा दिल्ली के जंतर-मंतर पर उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी, जिसकी समस्त जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी।

11 से बिलाईगढ़ में माता परमेश्वरी पुराण महोत्सव, तैयारी पूरी



बिलाईगढ़। नगर के मेन रोड स्टेट बैंक के पास इस क्वार नवरात्र में देवांगन समाज की कुलदेवी माता परमेश्वरी का भव्य पुराण महोत्सव आयोजित होने जा रहा है। यह आयोजन 11 से 17 अक्टूबर तक चलेगा। जिसका समापन 20 अक्टूबर को विशाल शोभायात्रा और माता विदाई विसर्जन के साथ होगा। आयोजक परिवार स्व. बंकीलाल देवांगन श्रीमती केंवरा बाई देवांगन, रोहित कुमार देवांगन श्रीमती लखेश्वरी देवांगन, दौलत राम देवांगन, दिनेश कुमार देवांगन एवं समस्त देवांगन परिवार ने बताया कि कुलदेवी माँ परमेश्वरी की प्रेरणा से संगीतमय माता परमेश्वरी देवी महापुराण ज्ञान यज्ञ कथा का आयोजन किया गया है। कथा का वाचन प्रसिद्ध कथावाचक संतोष राव खरोरा वाले द्वारा किया जाएगा। प्रतिदिन कथा का समय दोपहर 2 बजे से रहेगा तथा सुबह 8 बजे से रुद्राभिषेक एवं पूजन होगा। भजन पाठक के रूप में अनिल देवांगन अपनी प्रस्तुति देंगे। इस आयोजन में विशेष सहयोगी के रूप में समस्त देवांगन समाज बिलाईगढ़ रहेगा। 11 अक्टूबर, रविवार जलभरण, शोभा कलश यात्रा, घट एवं माता परमेश्वरी मूर्ति स्थापना व पूजन तथा कथा परिचय, 12 अक्टूबर, सोमवार सृष्टि उत्पत्ति कथा एवं देवी उत्पत्ति कथा, 13 अक्टूबर, मंगलवार दीपचंद माता हरणि जन्म एवं विवाह कथा, 14 अक्टूबर, बुधवार गोत्र उत्पत्ति कथा तथा वस्त्र निर्माण कथा, गर्भचरित कथा का आयोजन होगा।

खरसिया पहुंचे आईजी रामगोपाल और एसएसपी, साइबर सुरक्षा का लिया संकल्प

खरसिया। धर्म की नगरी खरसिया में आज एक अलग ही उत्साह एवं उमंग देखने को मिला। जहां शुरुआत हुई साइबर सुरक्षा जागरूकता एवं सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान से जिसके तहत अग्रसेन चौक में हजारों की संख्या में लोगों ने शपथ लिया। शपथ बिलासपुर संभाग के पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग ने दिलाया। सर्वप्रथम कार्यक्रम की शुरूआत महाराजा अग्रसेन की मूर्ति में माल्यार्पण कर की गई।

उसके बाद राज्यगीत अरपा पेरी के धार हुआ। आयोजन को संबोधित करते हुए वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शशिमोहन सिंह ने कहा साइबर जागरूकता इसीलिए जरूरी है क्योंकि हमारे पूरे डाटा उनके पास है हमें उनसे बचना है। साथ ही वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने हेल्पिंग हैंड्स टिम को इस ऐतिहासिक अभियान के लिए बधाई दी और कहा कि हेल्पिंग हैंड्स निरंतर ही पुलिस के साथ जुड़कर हमेशा सामाजिक कार्य करते आ रही है। साथ ही उन्होंने सड़क जागरूकता के ऊपर सभी नागरिकों को संदेश दिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर संभाग रामगोपाल गर्ग ने अपने उद्बोधन में कहा कि बहुत दिनों से खरसिया आने का प्लान चल रहा था और आज में आप सबके साथ हु मुझे बहुत ही अच्छा लग रहा है। साइबर जागरूक हर नागरिक को बनना है साथ ही सड़क सुरक्षा हेतु हेलमेट पहनना जरूरी है। आईजी रामगोपाल गर्ग ने कहा कि हेल्पिंग हैंड्स क्लब फाउंडेशन को ये पहल बहुत ही सराहनीय है और अंकित अग्रवाल मनोज गोयल एवं पूरी टिम को में इस मानवसेवा कार्य के लिए बधाई देता हु। साथ ही उन्होंने सभी नागरिक को साइबर सुरक्षा में सड़क सुरक्षा हेतु विशेष ध्यान देने हेतु समझाया। तत्पश्चात पुलिस महानिरीक्षक रामगोपाल गर्ग ने सभी नागरिकों को सड़क सुरक्षा हेतु शपथ दिलाई। तत्पश्चात राहगीरो को हेलमेट वितरण कर जागरूकता संदेश दिया साथ ही खुद बाइक रैली में शामिल होकर गाड़ी चला कर नगर में हेलमेट पहनना कितना जरूरी है ये संदेश दिया। श्री अखण्ड राम सप्ताह में मंदिर पहुंचे आई जी एवं एस एस पी श्री हनुमान मंदिर गंज बाजार में 134 वर्ष से चल रहे अखण्ड राम सप्ताह में आज छोटे छोटे बच्चों ने भजनों पर प्रस्तुति दी आई जी रामगोपाल गर्ग ने मंदिर दर्शन कर पूजा अर्चना कर राम नाम की फेरी लगाई। साथ ही बच्चों को और भक्तों को उद्बोधित करते हुए कहा कि भक्तिमय का यह रस इस धर्म की नगरी में बहुत ही अच्छा आयोजन होते रहते है।



करंट की चपेट में आया मजदूर दंपती, पति की मौत, पत्नी गंभीर

चांपा। मकान निर्माण के दौरान मजदूर दंपती करंट की चपेट में आ गया। हादसे में पति की मौत हो गई। वहीं पत्नी को गंभीर हालत में बीडीएम अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना चाम्पा के थाना चौक के पास की है।

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार महुदा निवासी रामनाथ और उनकी पत्नी लता कर्ष मजदूरी कर अपने परिवार का पालन-पोषण करते थे। पिछले कुछ दिनों से दोनों चाम्पा के थाना चौक के पास मेन रोड स्थित एक निर्माणाधीन मकान में काम कर रहे थे। मंगलवार 6 अक्टूबर को भी काम चल रहा था। इसी दौरान दोपहर करीब ढाई बजे दोनों सड़क के ऊपर से गुजरी 11 केवी बिजली लाइन की चपेट में आ गए। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार करंट की चपेट में आने के बाद रामनाथ नीचे सड़क पर गिर गया, जबकि उसकी पत्नी लता को भी जोरदार झटका लगा।



हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास मौजूद लोगों ने तत्काल दोनों को बीडीएम अस्पताल पहुंचाया। अस्पताल में चिकित्सकों ने परीक्षण के बाद 50 वर्षीय रामनाथ को मृत घोषित कर दिया। वहीं लता कर्ष का उपचार जारी है और उसकी स्थिति नाजुक बताई जा रही है। रामनाथ की मौत की खबर मिलते ही परिजन और ग्रामवासी बड़ी संख्या में बीडीएम अस्पताल पहुंच गए। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए मर्चुरी में रखा गया है। घटना की सूचना मिलने के बाद चांपा पुलिस भी मौके पर पहुंची और घटनास्थल का जायजा लिया। मामले की जांच और आगे की कार्रवाई में पुलिस जुटी है।

सेवा सेतु शिविर का आयोजन, दी गई योजनाओं की जानकारी



बरमकेला। शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं और नागरिक सेवाओं को आम लोगों तक सहज रूप से पहुंचाने के उद्देश्य से नगर पंचायत बरमकेला में सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सेवा सेतु शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में नगर के विभिन्न वार्डों से बड़ी संख्या में नागरिक, हितग्राही एवं जरूरतमंद लोग पहुंचे।

शिविर के माध्यम से लोगों को अलग .अलग शासकीय सेवाओं से संबंधित जानकारी, आवेदन प्रक्रिया तथा आवश्यक कार्यवाही की सुविधा स्थानीय स्तर पर उपलब्ध कराई गई। सेवा सेतु शिविर में नागरिकों को शासन की विभिन्न योजनाओं और सेवाओं का लाभ लेने के लिए आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया। अलग अलग कार्यों के लिए विभिन्न कार्यालयों में जाने की परेशानी कम करते हुए अनेक सेवाओं को एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने का प्रयास किया गया। इससे नागरिकों को अपनी समस्याओं और आवश्यकताओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत करने तथा संबंधित प्रक्रियाओं को आगे बढ़ाने में सुविधा मिली। शिविर में आधार कार्ड, विवाह प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, प्रधानमंत्री आवास योजना, जन्म मृत्यु पंजीयन, पीएम स्वनिधि योजना, व्यापार अनुज्ञप्ति, पेंशन, राशन कार्ड, नल जल योजना सहित विभिन्न शासकीय योजनाओं और नागरिक सेवाओं से संबंधित आवेदन एवं आवश्यक कार्रवाई की गई।

30 महिलाओं को दे रहे ट्रेनिंग, मशरूम उत्पादन का दिया गया है प्रशिक्षण

सिलाई सीखकर मौहापाली की महिलाएं होंगी आत्मनिर्भर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए जिंदल फाउंडेशन द्वारा विभिन्न प्रकार का प्रशिक्षण क्षेत्र की महिलाओं को दिया जा रहा है। इसी कड़ी में ग्राम पंचायत मौहापाली में स्वावलंबन परियोजना अंतर्गत सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया गया। प्रशिक्षण के बाद महिलाएं कपड़ा सिलाई में दक्ष हो जाएंगीं और वे खुद आर्थिक रूप से सक्षम हो सकेंगीं।

जिंदल पावर द्वारा प्लांट और माइंस प्रभावित क्षेत्र के गांवों के लोगों के स्वरोजगार, स्वा स्थ्य, शिक्षा सहित अन्य बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए जिंदल फाउंडेशन के माध्यम से विभिन्न प्रकार के काम कराए जाते हैं। लोगों को स्वरोजगार के लिए भी प्रेरित कर उन्हें प्रशिक्षण दिया जाता है। ग्राम पंचायत मौहापाली की महिलाओं को सिलाई कला में दक्ष बनाने के लिए जिंदल फाउंडेशन द्वारा सिलाई प्रशिक्षण केंद्र का शुभारंभ किया गया। यहां महिलाओं को तीन माह तक निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाएगा। कार्यक्रम का आयोजन वीपी नीरज सक्सेना, एसोसिएट वाइस प्रेसीडेंट सीएसआर ऋशिकेष राय शर्मा, ग्राम पंचायत मौहापाली के सरपंच श्याम कुमार राठिया, ग्रम गौटिया अमर साय राठिया, मैनेजर सीएसआर शीतल पटेल व अन्य प्रमुख लोगों की उपस्थिति में किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वीपी नीरज सक्सेना ने कहा कि शिक्षा से ज्ञान और योग्यता मिलती है, लेकिन ज्ञान और योग्यता हुनर सीखा दे यह जरूरी नहीं है, ये मदद निश्चित रूप से करते हैं। हुनर व्यक्ति को जीना सीखाता है। उन्होंने कहा कि हुनर यह बताता है कि अच्छे ढंग से जिंदगी को जीया जा सके। उन्होंने कहा सिलाई प्रशिक्षण तीन माह तक दिया जाएगा। यह प्रशिक्षण वह हुनर है जो आपको आत्मनिर्भर बना सकता है। हुनरमंद होने का मौका जिंदल के माध्यम से मिल रहा है। प्रशिक्षण के बाद महिलाएं अपने गांव में सिलाई के अलावा बाहर भी काम कर सकतीं हैं। सरपंच ष्याम कुमार राठिया ने जिंदल पावर द्वारा दिए जा रहे प्रशिक्षण को बेहतर और जरूरी बताते हुए कहा कि पूर्व में महिलाओं को मशरूम का प्रशिक्षण दिया गया था। इससे महिलाओं को आर्थिक लाभ हो रहा है, सिलाई से भी महिलाएं आर्थिक रूप से सक्षम होंगीं।

